**दिनांक : 18.04.2025** **समय : 02.10PM**

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

भारत /2047 कार्यशाला

केन्द्रीय वन–पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। मध्यप्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापन, जलवायु परिवर्तन और समुदाय–आधारित आजीविका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित इस कार्यशाला में विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों में वनों की भूमिका पर मंथन हो रहा है। इस अवसर पर केन्द्रीय वन–पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' और 'एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियान के माध्यम से हमारा देश पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में वनों का भंडार है।

कल राज्यपाल मंगूभाई पटेल समापन सत्र को संबोधित करेंगे।

विश्व विरासत दिवस

आज विश्व विरासत दिवस है। इसे अंतरराष्ट्रीय स्मारक और धरोहर स्थल दिवस भी कहा जाता है। इस वर्ष की थीम है – विरासत स्थलों पर आपदा और संघर्ष का संकट। यह दिवस सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के सम्मान और संरक्षण के लिए प्रति वर्ष 18 अप्रैल को मनाया जाता है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने आज देश के सभी संरक्षित स्मारकों में निःशुल्क प्रवेश देने की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य लोगों को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरुक और प्रेरित करना है।

प्रदेश में भी विश्व धरोहर दिवस पर भोपाल, ग्वालियर, खजुराहो सहित विभिन्न शहरों में स्थित पुरातत्व स्मारकों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही भारतीय पुरातस्व सर्वेक्षण एएसआई के अधीन स्मारकों में प्रवेश निशुल्क है।

जल गंगा संवर्धन अभियान

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर में पलकमती नदी में जल संचयन और भू–जल स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से बोरी बंधान कार्य किया जा रहा है। इससे वर्षा जल का संचयन बेहतर

ढंग से हो सकेगा तथा क्षेत्र का भू–जल स्तर बढ़ेगा। वहीं सतना जिले की ग्राम पंचायत भटवां के मंदाकिनी नदी उद्‌म स्थल में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पूजन एवं जन चर्चा कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शामिल हुए।

## गुड फ्राइडे

आज गुड फ्राइडे है। प्रभु ईसा मसीह को सलीब पर चढाए जाने की स्मृति में यह दिन मनाया जाता है। इसी दिन प्रभु यीशु ने मनुष्यता को पापों से मुक्ति दिलाने के लिए अपना जीवन उत्सर्ग किया था। गुड फ्राइडे पर लोग मानवता और आपसी भाईचारा सुदृढ करने का संकल्प लेते हैं। प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने के उपलक्ष्य में रविवार से ईस्टर समारोह शुरू हो जायेंगे। गुड फ्राइडे पर आज नर्मदापुरम के दो सौ साल पुराने सेंट जॉर्ज चर्च और पचमढ़ी स्थित ब्रिटिशकालीन प्रसिद्ध एंग्लिकन क्राइस्ट चर्च सहित तमाम चर्चों में विशेष प्रार्थनाएं की गईं। जबलपुर के गिरजाघरों में आज गुड फ्राइडे परंपरागत रूप से मनाया गया। इस मौके पर शहर में क्रूस यात्रा निकाली गई।

## मौसम

प्रदेश में मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे हैं। कहीं तेज गर्मी का कहर जारी है, तो कहीं बूंदाबादी हो रही है। मौसम विभाग ने बताया कि आने वाले दिनों में ज्यादातर क्षेत्रों में अधिकतम तापमान देखने को मिलेगा।

नमस्कार।

————————————